**फैक्स**

सेवा मेंः– होम कन्ट्रोल/डीजीपी कन्ट्रोल, लखनऊ/इण्ट कन्ट्रोल/अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था/अपर पुलिस महानिदेशक अपराध उ.प्र.लखनऊ/अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन, मेरठ/आयुक्त सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर/पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर/जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद मेरठ।

प्रेषक :– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर।

---

पत्र संख्याः– पीआरओ सैल–सरा0कार्य/2021 दिनॉकः मार्च 28, 2021

---

:: सराहनीय कार्य::

**जनपद मुजफ्फरनगर थाना जानसठ पुलिस द्वारा अवैध तमंचा फैक्ट्री का भण्डाफोड, 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से भारी मात्रा में बने–अधबने तमंचे एवं तमंचा बनाने के उपकरण,बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद मुजफ्फरनगर शातिर अवैध शस्त्र तस्कर अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी व अवैध शस्त्रों की बरामदगी हेतू चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत व पुलिस अधीक्षक देहात व क्षेत्राधिकारी जानसठ के कुशल पर्यवेक्षण एवं प्र0 नि0 श्री डी0के0 त्यागी थाना जानसठ के कुशल नेतृत्व में दिनांक 27.03.2021 को थाना जानसठ पर नियुक्त व0उ0नि0 श्री बीरबल सिंह मय उ0नि0 श्री अवधेश कुमार शर्मा, उ0नि0 श्री मनमोहन सिंह, का0 922 बन्टी, का0 711 गजेन्द्र, का0 1251 अंकित मय जीप सरकारी मय चालक का0 552 अनीस के थाने से रवाना होकर वास्ते देखरेख शान्ति व्यवस्था आगामी त्रिस्तरीय ग्राम पंचायत चुनाव के सम्बन्ध में व तलाश वांछित अभियुक्त एवं चैकिंग संदिग्ध वाहन एवं व्यक्ति में गश्त करते हुए तालडा मोड पर आया तो जरिये मुखबिर खास सूचना मिली कि सलारपुर झाल के निकट नहर के किनारे बने पुराने कमरे में शहजाद पुत्र इस्लामुददीन निवासी गढी रसूलपुर थाना मीरापुर जनपद मुजफ्फरनगर अवैध रूप से नाजायज हथियार बना रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम थाना जानसठ मय मुखबिर के मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर पहुँची और सलारपुर रजवाहे के मुहाने पर गाडी को खडा कर दिया। मुखबिर ने पुराने बने कमरे की तरफ ईशारा कर बताया कि वह वही पर अवैध असलहे बना रहा है। पुलिस टीम ने छिपते–छिपाते पास जाकर कमरे में बनी खिडकी पर ऊचक कर झांक कर देखा कि एक व्यक्ति बोरी पर बैठा हुआ बांक में दबे तमंचे की घिसाई कर रहा है। पुलिस टीम ने एक बारगी दबिश देकर मौके से ही उस बदमाश को पकड लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त की जामातलाशी लेते हुए नाम पता पूछा तो उन्होने अपना नाम **शहजाद पुत्र इस्लामुददीन निवासी गढी रसूलपुर थाना मीरापुर जनपद मुजफ्फरनगर** बताया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 04 देशी बन्दूक विभिन्न बोर, 07 तमंचे विभिन्न बोर, 05 अधबने तमंचे विभिन्न बोर, 04 रेती, 02 संडासी, 01 आरी, 11 आरी के ब्लेड, 01 रांती, 01 छोटी ड्रिल मशीन, 01 रन्दा, 02 हथोडी, 01 लकडी काटने की आरी, 02 छैनी, 01 लोहे का फर्मा 315 बोर, 01 लकडी में छेद करने का वर्मा, 01 नाल 315 बोर, 01 फर्मा 12 बोर, 01 नापने का यंत्र, 01 वसूला, रेगमाल के 03 टुकडे, 01 सुम्बी, 10 स्प्रिंग, 06 छल्ले सिलिंग कढी, 09 ट्रिगर गार्ड, 07 गरारी नाल को खोलने व बन्द करने की, 06 ट्रिगर, 05 कमानी, 02 बट की पटटी, 05 बाडी की चाप, 04 बाडी बनाने की पत्ती, 01 छेद करने का वर्मा, 13 स्कू बडे, 06 पत्ती बारिक नोकदार लोहे की, 01 कारतूस 12 बोर जिन्दा, 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 पंखा भटटी को गरम करने का, 01 चाईनीच लाईट एलईडी चार्जिंग वाली, 02 लकडी की फटटी, 01 चाप निर्मित, 01 छोटा लकडी का गुटका को बरामद किया गया।

दौराने पूछताछ अभियुक्त शहजाद उपरोक्त ने बताया कि वह एवं उसका साथी **कल्लू निवासी मवाना जनपद मेरठ** दोनों ही अवैध असलहों का निर्माण करते है। अब प्रधानी के चुनाव में इनकी डिमांड ज्यादा है और हम इन्हे बेचकर काफी लाभ कमाते है। कल्लू कुछ देर पहले की कुछ सामान लेने के लिये गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जानसठ पर मु0अ0सं0–48/21 धारा–5/25 आयुद्ध अधि0 बनाम 1–शहजाद 2–कल्लू उपरोक्त के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। पंजीकृत अभियोग की विवेचना उ0नि0 श्री विजय कुमार शर्मा द्वारा की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः–**

1– शहजाद पुत्र इस्लामुददीन निवासी गढी रसूलपुर थाना मीरापुर जनपद मुजफ्फरनगर

**फरार अभियुक्त का नाम व पताः–**

1– कल्लू निवासी मवाना जनपद मेरठ

**गिरफ्तार अभियुक्त से बरामदगी का विवरणः–**

- 04 देशी बन्दूक विभिन्न बोर,
- 07 तमंचे विभिन्न बोर,
- 05 अधबने तमंचे विभिन्न बोर,
- तमंचे बनाने के उपरकण ----- 04 रेती, 02 संडासी, 01 आरी, 11 आरी के ब्लेड, 01 रांती, 01 छोटी ड्रिल मशीन, 01 रन्दा, 02 हथोडी, 01 लकडी काटने की आरी, 02 छैनी, 01 लोहे का फर्मा 315 बोर, 01 लकडी में छेद करने का वर्मा, 01 नाल 315 बोर, 01 फर्मा 12 बोर, 01 नापने का यंत्र, 01 वसूला, रेगमाल के 03 टुकडे, 01 सुम्बी, 10 स्प्रिंग, 06 छल्ले सिलिंग कढी, 09 ट्रिगर गार्ड, 07 गरारी नाल को खोलने व बन्द करने की, 06 ट्रिगर, 05 कमानी, 02 बट की पटटी, 05 बाडी की चाप, 04 बाडी बनाने की पत्ती, 01 छेद करने का वर्मा, 13 स्क्रू बडे, 06 पत्ती बारिक नोकदार लोहे की, 01 पंखा भटटी को गरम करने का, 01 चाईनीच लाईट एलईडी चार्जिंग वाली, 02 लकडी की फटटी, 01 चाप निर्मित, 01 छोटा लकडी का गुटका
- 01 कारतूस 12 बोर जिन्दा,
- 01 खोखा कारतूस 315 बोर,

**गिरफ्तार अभियुक्त शहजाद उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः–**

- मु0अ0सं0–518/19 धारा–5/25 आयुद्ध अधि0 थाना इन्चौली जनपद मेरठ।
- मु0अ0सं0–48/21 धारा–5/25 आयुद्ध अधि0 थाना जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर।

**नोटः– गिरफ्तार अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।**

**गिरफ्तार करने वाली टीम :–**

- व0उ0नि0 श्री बीरबल सिंह थाना जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर।
- उ0नि0 श्री अवधेश कुमार शर्मा थाना जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर।
- उ0नि0 श्री मनमोहन सिंह थाना जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर।
- का0 922 बन्टी थाना जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर।
- का0 711 गजेन्द्र थाना जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर।
- का0 1251 अंकित थाना जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर।
- चालक का0 552 अनीस थाना जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर।

**नोटः– गिरफ्तार अभियुक्त शहजाद उपरोक्त शातिर किस्म का अवैध शस्त्र तस्कर प्रवृति के अपराधी है। अभियुक्त द्वारा घटना किये जाने का जुर्म इकबाल किया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।**

आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित है ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
मुजफ्फरनगर
28/3/21

**फैक्स**

सेवा में:– होम कन्ट्रोल/डीजीपी कन्ट्रोल, लखनऊ/इण्ट कन्ट्रोल/अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था/अपर पुलिस महानिदेशक अपराध उ.प्र.लखनऊ/अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन, मेरठ/आयुक्त सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर/पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर/जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर।

प्रेषक :– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर।

पत्र संख्या:– पीआरओ सैल–सरा0कार्य/2021 दिनॉक: मार्च 28, 2021

:: सराहनीय कार्य::

**जनपद मुजफ्फरनगर थाना शाहपुर पुलिस द्वारा दौराने पुलिस कार्यवाही 01 शातिर अभियुक्त घायल/गिरफ्तार, कब्जे से 01 तमंचा मय 02 जिन्दा कारतूस 01 खोखा कारतूस 315 बोर एवं 01 अदद मोटर साईकिल बजाज प्लेटिना रंग काला स्लेटी नं0– पीबी 55 बी 6659 बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद मुजफ्फरनगर शातिर अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतू चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत व पुलिस अधीक्षक देहात व क्षेत्राधिकारी बुढाना के कुशल पर्यवेक्षण एवं प्र0 नि0 श्री संजीव कुमार थाना शाहपुर के कुशल नेतृत्व में दिनांक 27.03.2021 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री अजय कुमार बालियान मय है0का0 431 विनोद कुमार, है0का0 326 सुभाषचन्द, का0 1382 सचिन के थाने से रवाना होकर वास्ते देखरेख शान्ति व्यवस्था आगामी त्रिस्तरीय ग्राम पंचायत चुनाव के सम्बन्ध में व तलाश वांछित अभियुक्त एवं चैकिंग संदिग्ध वाहन एवं व्यक्ति में गश्त करते चौकी हरसौली पर पहुँचकर चैकिंग कर रहे थे। कुछ देर बाद मुजफ्फरनगर की तरफ से एक मोटर साईकिल पर 01 व्यक्ति आता दिखाई दिया। जिसे चैकिंग हेतु रूकने का ईशारा किया तो मोटर साईकिल सवार व्यक्ति मोटर साईकिल को वापस घुमाकर भागने लगा। पुलिस टीम ने शक होने पर उस व्यक्ति का पीछा किया और घटना की सूचना तत्काल थाने को दी। वह बदमाश पुलिस टीम को पीछे आता देख हरसौली के मन्दिर के बराबर वाले रास्ते से हरसौली गांव की तरफ भागने लगा तथा बरवाला वाले रास्ते पर रजवाहे की पुलिया के पास पुलिस टीम ने उसे घेर लिया। पुलिस टीम से घिरा जानकर बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया। जिससे पुलिस टीम बाल–बाल बची। पुलिस टीम ने अपनी आत्मरक्षार्थ जबाबी सूक्ष्म फायरिंग की तो बदमाश घायल होकर गिर गया। पुलिस टीम ने छिपते हुए पास जाकर बदमाश को पकड लिया।

गिरफ्तार/घायल अभियुक्त की जामातलाशी लेकर प्राथमिक उपचार देते हुए नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम **इकराम पुत्र अबरार निवासी मौह0 झोझिगान कस्बा व थाना पुरकाजी जनपद मुजफ्फरनगर** बताया।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से **01 तमंचा मय 02 जिन्दा कारतूस 01 खोखा कारतूस 315 बोर एवं 01 मोटर साईकिल बजाज प्लेटिना रंग काला स्लेटी नं0– पीबी 55 बी 6659** को बरामद किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शाहपुर पर मु0अ0सं0–105/21 धारा–307 भादवि, मु0अ0सं0–106/21 धारा–3/25/27 आयुद्ध अधि0 एवं मु0अ0सं0–107/21 धारा–414 भादवि में पंजीकृत किया गया। पंजीकृत अभियोग की विवेचना उ0नि0 श्री अक्षय खारी द्वारा की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:–**

1– इकराम पुत्र अबरार निवासी मौह0 झोझिगान कस्बा व थाना पुरकाजी जनपद मुजफ्फरनगर

**गिरफ्तार अभियुक्त से बरामदगी का विवरण:–**

- 01 तमंचा मय 02 जिन्दा कारतूस 01 खोखा कारतूस 315 बोर
- 01 मोटर साईकिल बजाज प्लेटिना रंग काला स्लेटी नं0– पीबी 55 बी 6659

**गिरफ्तार अभियुक्त शहजाद उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः–**

- मु0अ0सं0–1321 / 17 धारा–342,392 भादवि थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0सं0–1322 / 17 धारा–147,148,149,307 भादवि थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0सं0–1323 / 17 धारा–3 / 25 आयुद्ध अधि0 थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0सं0–148 / 18 धारा–2 / 3 गैंगेस्टर अधि0 थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0सं0–394 / 18 धारा–307 भादवि थाना मीरापुर जनपद मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0सं0–395 / 18 धारा–25 आयुद्ध अधि0 थाना मीरापुर जनपद मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0सं0–396 / 18 धारा–414 भादवि थाना मीरापुर जनपद मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0सं0–105 / 21 धारा–307 भादवि थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0सं0–106 / 21 धारा–3 / 25 / 27 आयुद्ध अधि0 थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0सं0–107 / 21 धारा–414 भादवि थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर।

**गिरफ्तार करने वाली टीम** :–

- उ0नि0 श्री अजय कुमार बालियान थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर।
- है0का0 431 विनोद कुमार थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर।
- है0का0 326 सुभाषचन्द थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर।
- का0 1382 सचिन थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर।

**नोटः–** **गिरफ्तार अभियुक्त इकराम उपरोक्त शातिर किस्म अपराधी है। अभियुक्त द्वारा घटना किये जाने का जुर्म इकबाल किया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।**

आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित है ।

13/21

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
मुजफ्फरनगर